हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आन्दोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email Id: prakharpurvanchal@gmail.com

वाराणसी, चन्दौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, इलाहाबाद तथा गोरखपुर से प्रसारित

वर्ष ८ अंक ८६ पृष्ठ ४, मूल्य ३.००, आमंत्रण मूल्य २.०० २६ सितम्बर २०२३ दिन मंगलवार गाजीपुर/वाराणसी

# जब भाजपा के लोग फंसने लगते हैं तो बुलडोजर की चाबी खो जाती है– अखिलेश

## सुल्तानपुर में डॉक्टर की हत्या पर बोले अखिलेश



प्रखर लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सुल्तानपुर में डॉक्टर की हत्या पर कहा कि जब किसी घटना में भाजपा के लोग फंसते हैं तो बुलडोजर की चाबी खो जाती है। बतादे कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सुल्तानपुर में एक डॉक्टर की हत्या को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि ये कोई सरकार चल रही है। एक डॉक्टर की हत्या हो जाती है। इसके बावजूद पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। बुलडोजर की स्टीयरिंग भाजपा के हाथ में है। जब भाजपा के लोग फंसने लगते हैं तो बुलडोजर की चाबी खो जाती है। बता दें कि सीएचसी जयसिंहपुर पर तैनात डॉ. घनश्याम त्रिपाठी की शनिवार शाम दबंगों ने पीट–पीट कर हत्या कर दी। यही नहीं दुस्साहस दिखाते हुए टेंपो पर लादकर घर भिजवा दिया। अखिलेश यादव ने कहा कि हत्या जमीन के विवाद में हुई है और इसमें भाजपा के लोग शामिल हैं। अखिलेश यादव ने सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर के सवाल पर तंज कसते हुए कहा कि घोसी में हुए उपचुनाव में कई भावी मंत्री हार गए हैं। हम भाजपा के करीबी लोगों से दूरी बनाकर रखेंगे। राजभर से हमारी कोई बात नहीं हो रही है। अब इस मुद्दे को खत्म कर दीजिए।

# बीजेपी नेता के ऑफिस पर चला बुलडोजर, डॉक्टर हत्याकांड में दर्ज हुआ था केस

## 23 सितंबर को हुआ था हमला




प्रखर सुल्तानपुर। जिले से एक बड़ी खबर सामने आई है। यहां के डॉक्टर घनश्यान तिवारी हत्याकांड में पुलिस ने भाजपा नेता अजय नारायण सिंह के खिलाफ बड़ी कार्रवाई कर दी है। पुलिस और प्रशासन ने भाजपा नेता के ऑफिस पर बुलडोजर चला दिया है। उधर, भाजपा नेता के खिलाफ हुई कार्रवाई के बाद पूरे जिले में हड़कंप मच गया है। जानकारी के मुताबिक मामला सुल्तानपुर जिले के लंभुआ थाना क्षेत्र का है। यहां डॉ. घनश्याम तिवारी (55 वर्ष) जयसिंहपुर में संविदा डॉक्टर के पद पर तैनात थे। हाल ही में उन्होंने शहर में एक जमीन खरीदी थी। बताया गया है कि इस जमीन को लेकर उनका विवाद चल रहा था। इसी शनिवार (23 सितंबर) को वे गंभीर घायल अवस्था में घर पहुंचे। घनश्याम तिवारी की हालत को देख परिवार वालों के होश उड़ गए। पत्नी समेत परिवार के लोगों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। परिवार वालों ने घनश्याम तिवारी की हत्या के आरोप में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष गिरीश नारायण सिंह के भतीजे अजय नारायण सिंह के खिलाफ केस दर्ज कराया। बताया गया है कि सोमवार को पुलिस और प्रशासन लाव–लश्कर के साथ भाजपा नेता के कार्यालय पर पहुंचे। पुलिस अपने साथ बुलडोजर भी लाई थी। पुलिस ने बिना समय गंवाए अजय नारायण सिंह का कथित रूप से अवैध कार्यालय ढहा दिया। भाजपा नेता के खिलाफ हुई इस कार्रवाई का वीडियो सोशल मीडिया पर भी जमकर वायरल हो रहा है।

# महंत नारायण दास को मृत्यु घोषित करने वाला फर्जी सर्टिफिकेट हुआ निरस्त



प्रखर मिर्जापुर। अकूत संपत्ति को हथियाने के दृष्टि से श्रीमूर्ति श्री ठाकुर मदन मोहनजी विराजमान मदन मोहन मंदिर ,बाबा घाट ट्रस्ट के ट्रस्टी महंत नारायण दास को मृतक घोषित करने के लिए भारी खेल खेला गया। लेकिन संपत्ति के इस खेल में बाबा महंत नारायण दास जीवित निकले और डंके की चोट पर चिल्ला चिल्ला के कह रहे हैं कि मैं जिंदा हूं सरकारी व्यवस्था में जिंदा को मुर्दा करने के इस खेल से पर्दा उस वक्त उठा जब भूपेंद्र सिंह नामक व्यक्ति को महंत नारायण दास ने चेला बनाया। पुलिस अधीक्षक मिर्जापुर को लिखे पत्र के मुताबिक महंत नारायण दास ने श्रवण और श्याम बिहारी के खिलाफ लिखित तहरीर दी है की वह जिंदा है उसके बावजूद उपरोक्त दोनों लोगों के द्वारा उनको मृत घोषित कर के संपत्ति हड़पने की कोशिश की जा रही है । उपरोक्त दोनों व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की है। महंत नारायण दास के नए शिष्य भूपेंद्र सिंह ने महंत के साथ छल कपट और मृत्यु घोषित करने वाले षड्यंत्रकारियो को बेनकाब करने के लिए मजबूती से कानूनी रास्ता का सहारा लिया जाने लगा उसके बाद धीरे–धीरे एक–एक रहस्य से पर्दा उठने लगा । संपत्ति कब्जियाने की नीयत से केशव दास के मुख्य चेले महंत नारायण दास को मरा घोषित कर खुद को केशव के चेले होने का दावा ठोक कर संपत्ति कब्जा करने वालों को उस वक्त भारी झटका लगा जब नगर निगम इलाहाबाद से महंत नारायण दास के नाम से जारी मृत सर्टिफिकेट को भूपेंद्र सिंह ने निरस्त करने में कामयाबी हासिल कर ली। जनपद मिर्जापुर के सिटी क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान महंत नारायण दास व उनके चेले भूपेंद्र सिंह ने कहा कि उनका भरोसा है कि पुलिस अधीक्षक के यहां दिए गए प्रार्थना पत्र पर कार्रवाई होगी और महंत नारायण दास को न्याय मिलेगा।

# जिले के हर शक्ति केन्द्र पर भाजपा जनों ने मनाई दीनदयाल उपाध्याय की 108वी जयंती



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। भारतीय जनता पार्टी के महामनिषी, भारतीय जनसंघ के संस्थापक और एकात्म मानववाद के प्रणेता पं दीनदयाल उपाध्याय जी की आज 108 वीं जयंती भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष सुनील सिंह की अध्यक्षता में जनपद के प्रत्येक शक्ति केन्द्र स्तर पर पुरे श्रद्धा सम्मान से मनायी गयी। भाजपा जिला अध्यक्ष सुनिल सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मिश्राबाजार स्थित पण्डित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नारेबाजी किया। तत्पश्चात जिला कार्यालय छावनी लाइन पर पं दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि के बाद पंडित जी के वैचारिक दर्शन पर विचार गोष्ठी आयोजित कर उनको श्रद्धांजलि देते हुए मनाई गई। विचार गोष्ठी में अपना विचार व्यक्त करते हुए मुख्य वक्ता जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सेवा समर्पित राजनीति पं दीनदयाल उपाध्याय की प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि भारतीय राजनीति में पं दीनदयाल जी का प्रादुर्भाव अगर नहीं हुआ होता तो शायद भारतीय राजनीति का आज का स्वर्णिम स्वरूप भी नही रहता जिसमें सारी योजनाएं समाज के कमजोर और अंतिम कतार के व्यक्ति के लिए समर्पित है। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार पं दीनदयाल उपाध्याय के सपनों को समाज के अंतिम और कमजोर के लिए लगातार काम करके साकार कर रहे है।उन्होंने कहा कि सरकार की सभी योजनाओं का सही क्रियान्वयन और गरीबों का कल्याण उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। विधानसभा प्रभारी रामनरेश कुशवाहा ने कहा कि अंत्योदय सिद्धांत हमारे समाज को आगे बढ़ाने का मूल मंत्र है।पंडित दीनदयाल उपाध्याय का मानना था की भारत को औद्योगीकरण के रास्ते पर चलते हुए अनाज के मामले में भी आत्मनिर्भर बनना चाहिए।हमें आर्थिक कमजोरियों को दूर करते हुए अपनी मजबूती कृषि पर ध्यान देना चाहिए। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने कहा कि पं दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के जन कल्याणकारी तथा सर्वमान्य विचार धारा का आज परिणाम है कि गाजीपुर में एकात्म मानववाद का विचार मजबूती से साम्यवाद पर भारी है। उन्होंने कहा कि दीनदयाल जी स्वदेशी के भी बहुत बड़े समर्थक थे तथा उनके विचार से भारत के लिए व्यक्ति केन्द्रित स्वदेशी आर्थिक मॉडल विकसित करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। लोकसभा विस्तारक रवि प्रकाश ने कहा कि देश में जन कल्याण के प्रति समर्पित रूप से पं दीनदयाल उपाध्याय जी ने कार्य किया जिनका जीवन भारतीय राजनीति के लिए सदैव प्रासंगिक हैं। गोष्ठी मे उपस्थित लोगों के प्रति धन्यवाद आभार ओर समापन महामंत्री ओमप्रकाश राय ने तथा संचालन प्रवीण सिंह ने किया। गोष्ठी मे दयाशंकर पांडेय, अखिलेश सिंह, अच्छेलाल गुप्ता, शैलेश राम, मनोज बिंद, गुलाम कादिर राईनी, साधना राय, रासबिहारी राय, जिला मीडिया प्रभारी शशिकान्त शर्मा, अभिनव सिंह छोटू, दीलिप गुप्ता, सुरेश गुप्ता, दीपक सिंह, शनि चौरसिया, गर्वजीत सिंह, नीतीश दूबे, अजीत सिंह, सुनील गुप्ता, मुरली कुशवाहा, अमित चौरसिया,अजय कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।

# ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात अधेड़ व्यक्ति की मौत

प्रखर,मऊ। कोपागज थाना के महुआर बसगितिया गांव के पास रेलवे ट्रैक पर रविवार की शाम ट्रेन की चपेट में आने से एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष कोपागंज अमित मिश्रा ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजवाया। इन्दारा–कीडीहरापुर रेलवे ट्रैक के मध्य किमी संख्या 57626–28 के बीच गाडी संख्या 15017 से रविवार की शाम 4.30 बजे कोपागज थाना क्षेत्र के महुआर बसगितिया गांव के समीप रेलवे ट्रैक पर एक व्यक्ति का ट्रेन से कटकर मौत हो गई। मामला कोपागज थाना के चलते मौके पर पहुंचे कोपागंज थानाध्यक्ष अमित कुमार मिश्रा घटनास्थल पर मौजूद आसपास के लोगों से शव की पहचान करने का प्रयास किया।लेकिन मृतक लगभग 53 वर्ष की पहचान नहीं हो पाई। पुलिस द्वारा शव की तलाशी लेने पर कोई भी सामान नहीं मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मर्चरीहाउस में भेजवा दिया है।

# आवास के नाम पर पैसा मांगने का लगाया आरोप



प्रखर जौनपुर। एक तरफ सरकार द्वारा गरीबों को प्रधानमंत्री आवास फ्री में देने की बात कर रही है तो वहीं दूसरी तरफ अधिकारियों रिश्वत लेने से बाज नहीं आ रहे है। ऐसा ही एक मामला जौनपुर जिले के रामपुर नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर एक में महिलाओं ने विरोध प्रदर्शन कर के पैसा मांगने का आरोप लगाया है, महिलाओं का कहना है कि आवास पास करने के लि जेई 5 हजार की मांग कर रहे हैं। जिस कारण क्षेत्र के लोगों में काफी आक्रोश है, वार्ड नंबर एक में दर्जनों की संख्या महिलाओं ने इकट्ठा होकर विरोध प्रदर्शन किया। महिलाओं का आरोप है कि नगर पंचायत क्षेत्र में तैनात जेई बृजेश सिंह आवास पास कराने के लिए पैसे की मांग कर रहे हैं पात्र महिलाएं आवास से अभी तक वंचित हैं और लगातार नगर पंचायत कार्यालय के चक्कर लगा रही है फिर भी उन्हें आवास नहीं मिला है वार्ड नंबर एक की निवासी उर्मिला देवी, उषा देवी ,संतरा देवी, सीमा ,कमला देवी आदि दर्शन महिलाओं ने प्रदर्शन कर के पर आरोप लगाया है।

# रहस्यमयी बुखार से छात्रा की मौत



**शिक्षकों और छात्रों में शोक की लहर**

प्रखर पिंडरा वाराणसी । पिंडरा विकास खण्ड के प्राथमिक विद्यालय हथिवार में कक्षा 2 की छात्रा वैष्णवी शर्मा 8 वर्ष के रहस्यमयी बुखार की बीमारी से मौत होने पर विद्यालय में शोक की लहर दौड़ गई। बताते है कि हथिवार निवासी पिंटू शर्मा की 8 वर्षीय पुत्री वैष्णवी उक्त प्राथमिक विद्यालय में पढ़ती थी। तीन दिन पूर्व बुखार आने पर उसे शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहाँ सोमवार की भोर में छात्रा की मौत हो गई। छात्रा के मौत की खबर विद्यालय में पहुचती ही शोक की लहर दौड़ गई। उसके बाद शोक सभा कर विद्यालय बन्द कर दिया गया। प्रधानाध्यापक विनोद सिंह ने बताया कि चंचल स्वभाव की मेधावी छात्र के मौत से शिक्षक और छात्र मर्माहत रहे। वही शोक सभा के दौरान अरविंद द्विवेदी, जितेंद्र प्रसाद, अर्चना सिंह,नीलू सिंह, आरती व प्रतिभा पांडेय रही।

# रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने भाजपा नेता अरविन्द कुमार त्रिपाठी को रेल यात्रियों की समस्याओं के समाधान हेतु उत्तर मध्य रेलवे का किया सदस्य मनोनीत

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। भारत सरकार के रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने विशेष अभिरूचि के अन्तर्गत वाराणसी के वरिष्ठ भाजपा नेता अरविन्द कुमार त्रिपाठी को रेल यात्रियों की समस्याओं के समाधान हेतु रेलवे बोर्ड द्वारा गठित क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति, उत्तर मध्य रेलवे का सदस्य मनोनीत किया है। समिति के सदस्य रहने के दौरान रेल विभाग द्वारा संचालित खानपान ईकाई, पेटीकार, बुक स्टाल,गाड़ियों में लगे रेस्तरां ,भोजन ,बफेट कारों का निरीक्षण आदि तथा डिब्बे में कोई यात्री बिना टिकट अथवा पास के यात्रा कर रहा हो तो उत्तर मध्य रेलवे के किसी भी स्टेशन मास्टर अथवा टिकट कलेक्टर या चल टिकट परीक्षक को बुलाकर अपनी उपस्थिति में जांच के लिए अधिकृत किया है उक्त बातें एक पत्रकार वार्ता के दौरान अरविन्द कुमार त्रिपाठी ने कही। पत्रकार वार्ता के दौरान मीडियाकर्मियों से बातचीत करते हुए अरविन्द त्रिपाठी ने कहा कि वाराणसी सनातन संस्कृति हिन्दू धर्म और मां गंगा की आस्था का केन्द्र होने के साथ ही देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संसदीय क्षेत्र है। उत्तर मध्य रेलवे के यात्रियों की सुविधाओं में वृद्धि के मद्देनजर बनारस से चलने वाली प्रत्येक ट्रेन में वेजिटेरियन खान–पान की शुद्ध व्यवस्था, आधुनिक मशीनरी द्वारा प्लेटफार्म एवं ट्रेन की सफाई, रेलवे स्टेशन पर उचित मूल्य के पानी की

# विशेष संवाद– क्या गणेशोत्सव से जलप्रदूषण होता है ?



**प्रदूषण के नाम पर गणेशोत्सव पर ही नहीं, अनेक उत्सव–त्योहारों पर प्रतिबंध डालने का षड्यंत्र ! – अधिवक्ता सतीश देशपांडे**

पशुवधगृह तथा कारखानों के कारण प्रदूषण होता है, यह गोदावरी, यमुना आदि अनेक नदियों के विषय में सरकार द्वारा दिए रिपोर्ट से स्पष्ट हैय परंतु गणेशोत्सव के कारण प्रदूषण होता है, इसकी अधिकृत जानकारी, आंकडे किसी के पास नहीं है । ऐसे में गणेशमूर्ति के विसर्जन से प्रदूषण होता है, यह किस आधार पर कहा जा रहा है ? गणेशोत्सव ही नहीं, हिन्दुओं के सभी उत्सव–त्योहारों पर विविध प्रतिबंध लगाने का यह षड्यंत्र है । गणेशमूर्ति के विसर्जन से प्रदूषण नहीं होता, यह हिन्दुओं को समझना चाहिए । हिन्दुओं को इसके विषय में आवाज उठानी चाहिए और जागृति करनी चाहिए, ऐसा आवाहन इतिहास तथा संस्कृती अध्ययनकर्ता अधिवक्ता सतीश देशपांडे ने किया । वे हिन्दू जनजागृति समिति की ओर से आयोजित 'क्या गणेशोत्सव से जलप्रदूषण होता है ?' इस विषय पर विशेष संवाद में बोल रहे थे । इस समय कोल्हापुर के 'हिन्दू एकता आंदोलन' के जिलाध्यक्ष श्री. दीपक देसाई ने कहा, बहते जल में गणेशमूर्ति का विसर्जन करना, हिन्दू धर्म की परंपरा हैय परंतु आज बहते जल में गणेशमूर्ति का विसर्जन करने का पुलिस–प्रशासन विरोध करता है । यह किस आधार पर किया जाता है । न्यायालय के कौनसे आदेश के अनुसार किया जाता है, इसका पुलिस–प्रशासन के पास कोई उत्तर नहीं है । कोल्हापुर की पंचगंगा नदी में 6 से 7 गंदे नालों तथा कारखानों का दूषित पानी मिल रहा है, इस ओर प्रशासन का ध्यान नहीं हैय परंतु गणेशोत्सव आते ही ये प्रदूषण के नाम पर जाग जाते हैं । इससे यही दिखाई देता है कि हिन्दुओं की प्रथा–परंपरा बंद करने के लिए यह सब किया जाता है । हिन्दू जनजागृति समिति के मुंबई प्रवक्ता श्री. सतीश कोचरेकर ने कहा, गणेशोत्सव से प्रदूषण होता है, ऐसा भ्रम नागरिकों में तथाकथित पर्यावरणवादी, विज्ञानवादी, अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति के लोग निर्माण कर रहे हैं । महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण मंडल ने मार्च 2023 में प्रकाशित पुस्तिका में सर्वाधिक हानिकारक प्रदूषित नदियों में मुंबई की मिठी नदी, नागपुर की कन्हान नदी, पुणे की मुळा–मुठा नदियां, इनका उल्लेख किया । मार्च में तो गणेशोत्सव नहीं था, तो ये कैसा प्रदूषण था ? कारखाने, पशुवधगृह इनके कारण पूरे वर्ष होनेवाले प्रदूषण के विषय में आवाज न उठानेवाले विज्ञानवादी, सेलिब्रिटी, गणेशोत्सव से प्रदूषण होता है, इस विषय में बोलते पाए जाते हैं । कारखाने और पशुवधगृह के कारण होनेवाला प्रदूषण रोकने के लिए क्या इन्होंने कुछ किया है ? पिछले 10–12 वर्ष से कृत्रिम तालाब बनाने से प्रदूषण घट गया है, इसके आंकडे सरकार जारी करेगी क्या ? हिन्दुओं का गणेशोत्सव एवं अन्य त्योहार प्रदूषण निर्माण नहीं करते । वे जीवन में ज्ञान और आनंद बढाते हैं । गणेशोत्सव और हिन्दुओं के उत्सव–त्योहारों से प्रदूषण होता है, इस भ्रम को तोडकर हिन्दू अपने उत्सव–त्योहार खुलकर मनाएं, ऐसा भी श्री. कोचरेकर ने अंत में कहा ।

# मागी नाव न केवटु आना कहइ तुम्हार मरमु मैं जाना– कथा व्यास साध्वी श्री निष्ठा




प्रखर वाराणसी। श्रीराम कथा आयोजन समिति और कोशलेस नगर कालोनी नागरिक समिति के तत्वाधान में सात दिवसीय श्रीराम कथा के छठवें दिन परीक्षित धीरज सिंह सपत्नी श्रीमती प्रति सिंह और श्री राम कथा आयोजन समिति के संयोजक वरुण सिंह और अशोक पटेल ने व्यास पीठ का पूजन कर कथा प्रारंभ कराया । ग्वालियर से पधारी कथा व्यास साध्वी श्रीनिष्ठा जी मंगलाचरण के बाद कथा प्रारंभ किया । कथा व्यास साध्वी श्री निष्ठा ने प्रभु राम केवट संवाद को सुनाते हुए कहा प्रभु ने केवट जी अपनी नाव से पार कराने का आग्रह किया लेकिन ष्मागी नाव न केवटु आना। कहइ तुम्हार मरमु मैं जाना । चरन कमल रज कहुँ सबु कहई। मानुष करनि मूरि कछु अहई । लेकिन केवट नाव में प्रभु बैठाने से पहले चरण धोने की विनती किया प्रभु ने कुछ कहा नहीं इस प्रसंग को बात छोटी है सर को हिला दीजिए भजन के माध्यम से बताया । लक्ष्मण जी ने कारण पूछा तो केवट के कहा छुअत सिला भइ नारि सुहाई। पाहन तें न काठ कठिनाई । तरनिउ मुनि घरिनी होइ जाई। बाट परइ मोरि नाव उड़ाई ।भावार्थ–जिसके छूते ही पत्थर की शिला सुंदरी स्त्री हो गई (मेरी नाव तो काठ की है)। काठ पत्थर से कठोर तो होता नहीं। मेरी नाव भी मुनि की स्त्री हो जाएगी और इस प्रकार मेरी नाव उड़ जाएगी, मैं लुट जाऊँगा । मेरी परिवार के भरण पोषण की एक मात्र साधन यह नाव ही है । केवट के प्रेम भाव को जानकर प्रभु ने अपने चरण रज अमृत से कृतार्थ किया । कथा में प्रसिद्ध कथा वाचक विष्णु चौतन्य जी के भी व्यास पीठ से कथा प्रेमियों को श्रीराम कथा श्रवण कराया । व्यास पीठ से विष्णु चौतन्य जी ने कहा हृदय में प्रेम का भाव हो तो परमात्मा को आसानी से पाया जा सकता है । क्योंकि राम को पाने का एक मात्र साधन है प्रेम राम ही केवल प्रेम पियारा, जान लेही जो जान निहारा । मुख्य अतिथि प्रोफेसर रमाशंकर दुबे कुलपति केन्द्रीय विश्वविद्यालय गांधी नगर गुजरात ने कहा राम के सानिध्य में आने से मरा मरा कहने वाला भी राम राम कहने लगता है। आए हुए अतिथियों का स्वागत कोशलेस नगर कालोनी नगरीय समिति के सचिव प्रमील पाण्डेय ने माल्यार्पण कर अंग वस्त्र देकर किया । कथा में प्रमुख रूप से दृ राजेश नागर , इंद्रजीत सिंह , ई0 अनिल सिंह , दीनानाथ सिंह मुन्ना , हरिशंकर मिश्रा मंचल , आनंद मिश्रा नूतन , परितोष पाण्डेय , पंकज श्रीवास्तव , धीरज सिंह , संतोष श्रीवास्तव , विपिन सिंह , अंशुमाली सिंह , राजीव पटेल राजू , अंकित , सोनू सिंह, धर्मेन्द्र , मदन लाल गुप्ता , श्री प्रकाश मिश्रा , रसनागर तिवारी , एड0 व्यास जी , कैलाश तिवारी ,गोपाल खरवार , संजीव सिंह , संजय यादव , रजनी सिंह , अनिता श्रीवास्तव , गायत्री देवी , गीता सिंह , बंदना सिंह , गीता तिवारी , सतीश पाल , सूरज पाण्डेय , ओमप्रकाश सिंह सहित मौजूद रहे।

# कदम नहीं हटाया !

मान मनौव्वल चल रहा ।
क्‍दम नहीं हटाया ।।
करनी राजनीति है ।
ऐसा जाल बिछाया ।।
थमती ना पर दिख रही ।
अंदर की तकरार ।।
बेमतलब बेवजह ।
खड़ी है दीवार ।।
मिल रहा ना भाव ।
इसलिए ठहराव ।।
है पूरी पर कोशिश ।
दे दें थोड़ा घाव ।।
चलता ही रहेगा ।
ऐसा ये नजराना ।
हाईकमान अवगत ।
क्यों इससे घबराना ।।

**कृष्णेन्द्र राय**



# जिलाधिकारी के अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति के शासी निकाय की बैठक संपन्न

प्रखर,मऊ। आज जिलाधिकारी अरुण कुमार के अध्यक्षता में जनपद स्तरीय स्वास्थ्य समिति के शासी निकाय की बैठक कैंप कार्यालय स्थित सभागार में संपन्न हुई।बैठक के दौरान शासी निकाय के समक्ष कई प्रस्तावो को अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया गया, जिसमें उच्च प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में किशोर स्वास्थ्य क्लब के गठन एवं उनका संचालन, समस्त उच्च प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में एक–एक फर्स्ट एड बॉक्सो का वितरण, जनपद के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में दो बार भिन्न–भिन्न इंटर कॉलेज में किशोर स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता के लिए किशोर स्वास्थ्य मंच का आयोजन, शहरी क्षेत्र हेतु कुल 13 यू एचडब्ल्यूसी के किराए के भवन के चिन्हीकरण, मऊ में नगर पंचायत हेतु कुल चार यू एचडब्ल्यूसी हेतु किराए के भवन के चिन्हीकरण, जनपद मऊ हेतु एक पाली क्लिनिक हेतु किराए के भवन के चिन्हितकरण, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 की धनराशि के प्रस्ताव सहित कई अन्य प्रस्ताव अनुमोदन हेतु जिला स्वास्थ्य समिति के समक्ष प्रस्तुत किए गए। सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त उच्च प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में एक–एक फर्स्ट एड बॉक्स दिए जाने की चर्चा के दौरान ए सीएमओ ने बताया कि कुल 595 फर्स्ट एड बॉक्स वितरित किए जा चुके हैं। जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी को फर्स्ट एड बॉक्स खरीद की टेंडर प्रक्रिया से लेकर उसकी वितरण तक की स्थिति की पूरी जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक से ऐसे स्कूलों की सूची प्राप्त करने को भी कहा जहां पर फर्स्ट एड बॉक्स अभी तक नहीं पहुंचा है। फर्स्ट एड बॉक्स विद्यालयों पर न पहुंचने की स्थिति में उन्होंने संबंधित अधिकारियोंध्कर्मचारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करते हुए कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार किशोर स्वास्थ्य मंच के आयोजन से संबंधित पूरी सूचना प्रस्तुत करने के भी निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिए गए। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 हेतु स्वीकृत धनराशि से संबंधित पूरी कार्य योजना की भी जांच करने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा मुख्य विकास अधिकारी को दिए गए। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत चिकित्सा अधिकारी एमबीबीएस की भर्ती प्रक्रिया के संबंध में जिलाधिकारी ने नियमानुसार आरक्षण व्यवस्था लागू कर भर्ती प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए। राष्ट्रीय नेत्र ज्योति अभियान कार्यक्रम के तहत नईमी आई हॉस्पिटल करीमुद्दीनपुर, मधुबन रोड घोसी के साथ मेमोरेंडम आफ अंडरस्टैंडिंग(एमओयू)किए जाने की प्रक्रिया की जांच भी करने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिए गए। इस अनुमोदन हेतु पूरी प्रक्रिया का अनुपालन न करने पर संबंधित अधिकारियों से स्पष्टीकरण भी प्रस्तुत करने के निर्देश जिला अधिकारी ने दिए। स्वास्थ्य उप केंद्रों को हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर में उच्चीकृत किए जाने के संबंध में जनपद मऊ हेतु कुल 10 उपकेंद्रों को हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर में उच्चीकृत किए जाने वाले प्रस्ताव का भी अनुमोदन समिति द्वारा नहीं किया गया। इस संबंध में 5 सितंबर 2023 के शासनादेश के महत्वपूर्ण अंशों के बारे में भी जानकारी न होने पर जिलाधिकारी ने डीपीएमओ को कारण बताओं नोटिस जारी करते हुए पुरी कार्य योजना प्रस्तुत कर अनुमोदन हेतु प्रस्ताव पुनः प्रस्तुत करने के निर्देश दिए ।बैठक के दौरान कई प्रस्तावों में पूरी प्रक्रिया का अनुपालन न किए जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी फटकार लगाते हुए।

# यू०पी०वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन का प्रादेशिक प्रतिनिधि सम्मेलन मथुरा में संपन्न



**परिवहन निगम की बसों में पत्रकारों की आजीवन निःशुल्क यात्रा पर सरकार कर रही विचार मंथन**

**(गौरीशंकर पाण्डेय सरस)**

प्रखर गाजीपुर ।अनंत घन–घन श्याम, बाल–माधुर्य, पीत–पट, अलंकृत, नट–नागर, आनंद –कानन केशरी भक्त–वत्सल,कृपा निधान भगवान श्रीकृष्ण की बाल क्रीड़ा–स्थली वृंदावन धाम स्थित श्रीकृष्णा आश्रम के मनोरम पवित्र आंगन में यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन का दो दिवसीय प्रादेशिक प्रतिनिधि सम्मेलन 20–09–०23दिन बुद्धवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ। यूनियन से जुड़े प्रदेश भर के तीन सौ से ज्यादा पत्रकारों ने भाग लिया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री दयाशंकर सिंह (प्रदेश परिवहन मंत्री)ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने अपने विचार व्यक्त करते हुए पत्रकारों के हित को ध्यान में रखकर कदम बढ़ाए जाने का आश्वासन दिया। कहा कि सम विषम परिस्थितियों में पत्रकार सरकार और समाज को जो आईना दिखाने का काम करते हैं वाकई उससे समाज और सरकार को आत्मबल के साथ साथ सही गलत कार्यों की जानकारी मिलती है। पत्रकार की कलम की ताकत से जहां विकास को गति मिलती है वहीं भ्रष्टाचार पर अंकुश लगता है। पत्रकार समाज और सरकार के वह सजग प्रहरी हैं जो सरकार की बंद आंखों को खोलने का कार्य करते हैं। यहां तक कि जनता की दबी आवाज को सरकार तथा न्यायालय तक पहुंचा कर न्याय दिलाने का भी काम करते हैं। हिंदुस्तान के सबसे पुराने संगठन यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन की तारीफ करते हुए मुख्य अतिथि श्री दयाशंकर सिंह(परिवहन मंत्री उ०प्र०सरकार)ने हृदय से धन्यवाद दिया। साथ ही पत्रकारों के समस्याओं के समाधान के लिए अति शीघ्र बैठक कर संतोष जनक हल निकाले जाने का भरोसा दिलाया। मुख्य अतिथि ने पहले से मिल रही सुविधाओं का जिक्र करते हुए पत्रकारों के स्वास्थ्य सुरक्षा के प्रति भी आश्वस्त किया।
पत्रकारों की इस मांग पर कि वर्ष में एक या दो बार पत्रकारों के परिवारों को भी परिवहन निगम की बसों में निशुल्क बस सेवा सुविधा का अवसर दिया जाए।के जबाब में माननीय मंत्री जी ने आश्वस्त करते हुए कहा कि वर्ष में एक या दो बार क्यों ?आजीवन सुविधा उपलब्ध कराने पर हमारी सरकार विचार कर रही है।यहां तक की प्राइवेट बसों में भी पत्रकारों के वास्ते सुरक्षित सीट और निशुल्क यात्रा सुविधा मुहैया कराने की हमारी सरकार की मंशा है।यह जानकर पत्रकारों में मानो खुशी की लहर दौड़ गई।मंत्री महोदय ने घोषणा करते हुए कहा कि साठ साल से अधिक उम्र की महिलाओं को परिवहन निगम की बसों में मुफ्त यात्रा करने की सुविधा भी जल्द मिलेगी।

विशिष्ट अतिथि विधान परिषद सदस्य श्री पवन सिंह चौहान ने पत्रकारों के कार्य और कर्तव्य को रेखांकित करते हुए राष्ट्र के निर्माण में मिल का पत्थार बताया।सम्मानित सम्मेलन में गाजीपुर की धरती से यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन की गाजीपुर जिला ईकाई के अध्यक्ष पद्माकर पाण्डेय के नेतृत्व में सम्मेलन में शिरकत करने पहुंचे डेढ दर्जन यूनियन से जुड़े पत्रकारों में जिलाध्यक्ष पद्माकर पाण्डेय ने पत्रकारों की समस्याओं को पुरजोर तरीके से उठाते हुए समाधान की मांग की। वहीं पत्रकार गौरीशंकर पाण्डेय सरस ने पत्रकारों की सामयिक समस्याओं पर केंद्रित अपनी रचना के माध्यम से मंचासीन अतिथियों और कार्यक्रम सभागार में उपस्थित पत्रकारों का ध्यान आकृष्ट कराया।
जनपद के वरिष्ठ कवि पत्रकार और यूनियन के जिला महामंत्री विजय कुमार यादव मधुरेश ने जब पत्रकारों के प्रति प्रशासनिक अनैतिक आचरण उत्पीड़न और असामाजिक तत्वों की दबंगई और सरकारों के कोरे आश्वासनों पर अपनी कविता के माध्यम से चोट करते हुए कहा कि ष्झील पर पानी बरसता है हमारे देश में। खेत पानी को तरसता है हमारे देश में ––ष्तो पत्रकारों से भरा पूरा सदन तालियों से गूंज उठा। इसके अलावा
अनेकों वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किया।इस मौके पर शिवसरन सिंह प्रेम कांत तिवारी वंशीधर वंशल मनवीर चौहान पद्माकर पाण्डेय विजय प्रताप मिश्र अखंड गहमरी विजय कुमार यादव मधुरेश अशोक कुशवाहा सतीश जायसवाल नरेंद्र कुशवाहा भुवन जायसवाल गौरीशंकर पाण्डेय विनोद सिंह रमेश यादव शैलेन्द्र चौधरी रामचन्द्र सिंह रंगनाथ दुबे जनार्दन प्रजापति आदि सहित प्रदेश भर के पत्रकार उपस्थित रहे। अध्यक्षता श्री के०विक्रम राव एवं संचालन प्रदेश अध्यक्ष हसीब सिद्धिकी ने किया।

# पत्रकारिता ऐसा यज्ञ है जिसकी यज्ञवेदी, अग्नि और आहूति सबकुछ पत्रकार को ही बनना होता है – राकेशमणि



प्रखर मुंबई। बात स्वघोषित पत्रकार होने की नहीं अपितु नैष्ठिक पत्रकारिता करने की है , जो यज्ञ के समान है । ऐसा यज्ञ, जिसकी यज्ञवेदी से लेकर अग्नि , यज्ञ समिधा और आहूति सबकुछ पत्रकार को स्वयं ही बनना होता है । यज्ञ को वेदों ने श्रेष्ठ कर्म घोषित किया है । ष ऐतरेय ब्राह्मण में कहा गया है कि – ष्यज्ञोऽपि तस्मै जनतायै कल्पतेष अर्थात– यज्ञ जीवन के सुख समृद्धि के लिए है और मनुस्मृति में कहा गया है कि – ष्अध्यापनः ब्रह्म यज्ञरूष अर्थात– अध्ययन और अध्यापन ब्रह्म यज्ञ है । कहने का तात्पर्य है कि , पत्रकारिता में समाज कल्याण की भावना का अंतर्निहित होना जितना आवश्यक है उतना ही अनवरत अपडेट रहने के लिए अध्यनरत रहना ।
उपरोक्त वक्तव्य उत्तर प्रदेश , जनपद जौनपुर के बदलापुर तहसील स्थित , मेढ़ा पंचायत भवन के सभागार कक्ष में विद्युत ध्वनि पत्र परिवार द्वारा आयोजित सम्मान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित पत्रकारिता मिशन संस्था के अध्यक्ष व विद्युत ध्वनि के प्रधान सम्पादक राकेशमणि तिवारी ने दिया ।
कार्यक्रम की अध्यक्षता मेढ़ा प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक समरजीत तिवारी ने की जबकि–सम्मानित अतिथि के तौर पर गजेन्द्रपुर के प्रधानाध्यापक राकेश उपाध्याय, प्रधान संघ के अध्यक्ष दिनेश मिश्र, ग्राम प्रधान लालदेव यादव , ग्राम प्रधान हुकुम चंद्र यादव तथा रोजगार सेवक संघ के अध्यक्ष ओमप्रकाश मिश्र उपस्थित रहे ।
इस अवसर पर विद्युत ध्वनि पत्र परिवार के प्रधान संपादक श्री तिवारी के हाँथों प्रबंधन समिति सदस्य रमेशचन्द्र तिवारी को उत्कृष्ट प्रबंधन , जिला संवाददाता जौनपुर नागेन्द्र कुमार तिवारी को उत्कृष्ट संयोजन व जनसरोकारी पत्रकारिता , लखनऊ जनप्रतिनिधि सुशील कुमार शुक्ल को उत्कृष्ट प्रयास, बदलापुर संवाददाता शिवपूजन मिश्र को उत्कृष्ट समन्वय, शाहगंज से प्रेम शर्मा को सार्थक सूचना व समाचार लेखन , मछलीशहर संवाददाता माताचरण पाण्डेय को उत्कृष्ट प्रयास तथा दिव्या तिवारी संवाददाता सुल्तानपुर को भी उत्कृष्ट प्रयास सम्मान से सम्मानित करते हुए प्रशस्तिपत्र प्रदान किया गया ।
इस अवसर पर डॉक्टर इखलाक इदरीसी, मुन्ना इदरीसी, कमलेश उपाध्याय, अशोक यादव , दिलीप खरवार तथा जीएम न्यूज के जिला प्रतिनिधि स्वामी नारायण शुक्ल सहित अनेको गणमान्य उपस्थित रहे । सभी उपस्थित महानुभावों के प्रति आभार प्रदर्शन जिला प्रतिनिधि नागेंद्र कुमार तिवारी ने प्रकट किया तो संचालन शिवपूजन मिश्र ने किया ।
कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रधानाध्यापक समरजीत तिवारी के आग्रह को स्वीकार करते हुए श्री तिवारी ने मेढ़ा प्राथमिक विद्यालय में भी अपनी उपस्थिति दी जहाँ पुष्पहार से उनका जोरदार स्वागत किया गया ।

# जश्ने ईद मिलादुन्नबी की सजी महफिल,हर तरफ सदा आए हबीब आए हबीब



प्रखर जौनपुर। जौनपुर मोहल्ला मीरमस्त में 1,रबीउल अव्वल से 12 रबीउल अव्वल तक हर साल की तरह इस साल भी रोज मिलाद की महफिल सज रही है यह महफिल जौनपुर के पूर्व विधायक हाजी अफजाल अहमद ने कायम किया था इसको अब डा. हसीन बब्लू के जेरे इंतजाम किया जा रहा है 8 रबीउल अव्वल 24 सितम्बर को सलीमुल्ला खान चुन्ना के जानिब से एक मिलाद का इन्काद हुआ मिलाद की शुरुआत तिलावते कलामे रब्बानी से हाफिज हसीन नें की नाते मनखबत कें आशार से महफिल कों सजाने में हाफिज शमशुद्दीन ने की,मौलाना क्यामुद्दीन हनफिया ने अपने बयान में लोगो से नमाज में पाबन्द होने को कहा,और अल्लाह और अल्लाह के रसूल के रास्ते पर चलने को कहा,ताबिश छोटू, फिरोज खान,रियाजुल हक खान, जमाल खान, आफताब अहमद, महताब आलम, हाजी सुल्तान, शाने, बाबू, मौ.तालिब, सैफी, अज्जू, हसमतुल्ला, सनी, अली, अबू साएमा, गुड्डु, अरशी, नदीम, जकी, यासीन, आकिल, किरमान, शोएब आदि मौजूद रहे।

# भारत की जीवन रेखा है हिन्द महासागर– राकेश कुमार



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पीजी कालेज गाजीपुर में पूर्व शोध प्रबन्ध प्रस्तुत संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह संगोष्ठी महाविद्यालय के अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ तथा विभागीय शोध समिति के तत्वावधान में महाविद्यालय के सेमिनार हाल में सम्पन्न हुई, जिसमें महाविद्यालय के प्राध्यापक, शोधार्थी व छात्र– छात्राएं उपस्थित रहे। उक्त संगोष्ठी मे कला संकाय के सैन्य विज्ञान विषय के शोधार्थी राकेश कुमार ने अपने शोध प्रबंध शीर्षक हिन्द महासागर में चीन की बढ़ती सामरिक और आर्थिक महत्वाकांक्षाए एवं भारतीय सुरक्षा आयाम नामक विषय पर शोध प्रबन्ध व उसकी विषय वस्तु प्रस्तुत करते हुए कहा कि हिन्द महासागर भारत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। हिंद महासागर का महत्व प्राचीन काल से ही रहा है और विश्व की लगभग 40 प्रतिशत जनसंख्या इसके तटवर्ती देशों में निवास करती है। हिन्द महासागर के तटवर्ती देशों में जो सबसे ताकतवर राष्ट्र है वो भारत है। अतः हिन्द महासागर क्षेत्र के सुरक्षा की जिम्मेदारी भारत के कंधो पर है। हिन्द महासागर विभिन्न प्रकार के रत्न व खनिज पदार्थ प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है, इसलिए इसे हमारे पूर्वजों द्वारा रत्नाकर कहा गया है। यह सदियों से भारत के लिए एक जीवन्त सहयोगी एवं सुरक्षात्मक अवस्थिति का स्वरूप स्थापित करता है। सच्च कहा जाय तो हिन्द महासागर भारत की जीवन रेखा है। आज हिंद महासागर में उपस्थित संसाधनों की सुरक्षा और उनके उपयोग की रणनीतियों की नितांत आवश्यकता है। द्वितिय विश्वयुद्ध के उपरांत विश्व की बदलती सुरक्षा अवधारणा में हिन्द महासागर एक केंद्रीय भूमिका में है और चीन की इस पर गहरी नजर है। चीन के चंगुल से हिन्द महासागर को हर प्रकार से मुक्त रखना अनिवार्य है, और इस कार्य को भारत बखूबी कर सकता है। इस बात को विश्व की महाशक्तियां भी अब जान चुकी है तथा जी 20 के माध्यम से वो भारत के साथ खड़ी हुई नजर आती है। इस शोध कार्य से भारत की सामुद्रिक सुरक्षा व्यवस्था के लिए निश्चित ही एक नए प्रतिमान स्थापित होगें और इससे विश्व में भारत को एक नया नजरिया प्राप्त होगी। आज भारत की तरफ विश्व की महाशक्तियां एक आशा भरी निगाहों से देख रहीं हैं। प्रस्तुतिकरण के बाद विभागीय शोध समिति, अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ व प्राध्यापकों तथा शोध छात्र–छात्राओं द्वारा शोध पर विभिन्न प्रकार के प्रश्न पूछे गए जिनका शोधार्थी राकेश कुमार ने संतुष्टिपूर्ण एवं उचित उत्तर दिया। तत्पश्चात समिति के चेयरमैन एवं महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ० राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने शोध प्रबंध को विश्वविद्यालय में जमा करने की संस्तुति प्रदान किया। इस संगोष्ठी में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ० राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय, अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ के संयोजक प्रोफे० डॉ०जी० सिंह, मुख्य नियंता प्रोफे० डॉ० एस० डी० सिंह परिहार, शोध निर्देशक व रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ० बद्रीनाथ सिंह,अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ के सदस्य प्रोफे० डॉ० अरुण कुमार यादव, डॉ० राम दुलारे, डॉ० हरेन्द्र सिंह, डॉ०रुचिमुर्ति सिंह, डॉ. योगेश कुमार, डॉ० अखिलेश सिंह, डॉ० मनोज कुमार मिश्र, डॉ० अतुल कुमार सिंह एवं महाविद्यालय के प्राध्यापकगण तथा शोध छात्र छात्रएं आदि उपस्थित रहे। अंत मे शोध निर्देशक डॉ० बद्रीनाथ सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया, संचालन अनुसंधान एवं विकास प्रोकोष्ठ के संयोजक प्रोफे० डॉ० जी० सिंह ने किया।

# आईटीएम कालेज द्वारा विश्व फार्मासिस्ट दिवस के अवसर पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन




प्रखर गोरखपुर। इन्स्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट गीडा द्वारा आयोजित इस उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एम्स के प्रोफेसर डॉक्टर तेजस पटेल, संस्थान के सचिव श्याम बिहारी अग्रवाल एवं निदेशक डॉक्टर एन के सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया द्य उद्घाटन के दौरान संस्थान के निदेशक ने कहा कि रक्त का दान शरीर के लिए लाभदायक है निरंतर रक्तदान करने से कैंसर, हार्ट अटैक जैसी तमाम गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता हैद्य रक्तदान को लेकर छात्राओं में खूब उत्साह दिखा और वह विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर रक्तदान करके बहुत खुश नजर आए द्य रक्तदान शिविर पर शाम 4.30 बजे तक लगभग 50 यूनिट रक्तदान किया गया द्य इस मौके ओर संस्थान के छात्र–छात्राओं ने विश्व फार्मासिस्ट दिवस जे थीम पर रंगोली, पोस्टर मेकिंग, एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता मे भी प्रतिभाग किया द्य इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष नीरज मातनहेलिया, कोषाध्यक्ष निकुंज मातनहेलिया, संयुक्त सचिव अनुज अग्रवाल, निदेशक फार्मेसी डॉक्टर पी डी पांडा,डॉ निधि गुप्ता, डॉ श्वेता सिंह, सुजाता दास, सचिन कुमार धीरज श्रीवास्तव,अभिषेक जायसवाल सहित संस्थान के सभी शिक्षकगण एवं छात्र–छात्राएं मौजूद रहे ।

# जिलाधिकारी ने किया ब्लाक डेवलपमेंट स्टेटजी निर्माण के लिए चिंतन शिविर आयोजित



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। सोमवार को नीति आयोग भारत सरकार द्वारा चयनित आकांक्षी विकास .खण्ड विरनों के विकास के लिए ब्लाक डेवलेपमेंट स्टेटजी निर्माण हेतु चिंतन शिविर का आयोजन जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता एवं जनप्रतिनिधिगण की उपस्थित में सम्पन्न हुआ। जिलाधिकारी ने बताया कि भारत सरकार की नीति आयोग द्वारा विकासखंड विरनो का चयन आकांक्षात्मक विकासखंड के अंतर्गत किया गया है इस हेतु नीति आयोग के निर्देश पर विकास खंड विरनो की विकास रणनीति बनाने हेतु विकासखंड स्तर पर आज चिंतन शिविर का आयोजन किया गया। चिंतन शिविर में स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि, पशुपालन, सामाजिक विकास ,आधारभूत ढांचा के विकास हेतु रणनीति पर चर्चा की गई एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों से सुझाव भी लिये गये जिससे यहां विभागीय योजनाओ के संचालन एवं क्रियान्वयन पर सही रणनीति बन सके। सम्बन्धित अधिकारी अपने–अपने विभागीय पैरामीटर्स से लोगो को विस्तारपूर्वक अवगत कराया जिन पर कार्य किया जा रहा है। चिंतन शिविर मे ब्लाक प्रमुख से लेकर ग्राम प्रधानो ने अपने–अपने सुभाव को रखा जिसमे प्रमुख तौर पर सीएचसी विरनो मे डेन्टल चिकित्सक, एक्स–रे एंव अल्ट्रासाण्ड मशीन की उपलब्धता, गरीब बच्चियों को कक्षा 08 के बाद निजी विद्यालयो में दाखिले हेतु 25 प्रतिशत पंजीकरण, ब्लाक स्तर पर बालिका इण्टर कालेंज की स्थापना एंव पात्र लोगो को पेशन की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु अपने सुझाव दिये गये। चिंतन शिविर में आगनबाड़ी रमावति सिंह के द्वारा जिलाधिकारी के पूछे गये विभागीय प्रश्नो का उचित जवाब देने पर जिलाधिकारी ने प्रसंन्नता व्यक्त करते हुए उन्हे पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया एवं अन्य आंगनवाडी कार्यकत्री को भी इनसे सीख लेने की बात कही। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख बिरनो राजन सिंह, एमएलसी प्रतिनिधि प्रदीप पाठक, मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य, मुख्य चिकित्साधिकारी देश दीपक पाल, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, डी सी मनरेगा, जिला पंचायत राज अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी विरनो, खण्ड शिक्षा अधिकारी बिरनो, एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारी, ग्राम प्रधानगण, आगनबाड़ी कार्यकत्री, आशा बहु, एवं गणमान्य नागरिक एवं अधिक संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रखर सहजनवा,गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महाविद्यालय सहजनवा, में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर एक कार्यक्रम का आयोजन हुआ । कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. कुमुद त्रिपाठी द्वारा विद्या की अधिष्ठात्री देवी माँ सरस्वती एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं सम्मुख दीप प्रज्वलन कर किया गया । तत्पश्चात् मुख्य वक्ता डॉ. करुणेश त्रिपाठी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश प्रक्षेपण करते हुए उनके जीवन से जुड़े हुए कतिपय प्रेरक प्रसंगों को बताया । अपने अध्यक्षीय उदबोधन में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. श्रीमती कुमुद त्रिपाठी ने कहा कि ष्दीनदयाल उपाध्याय जी ने आजीवन दीन दुःखियों के हितों की चिंता करते हुए प्रत्येक प्रकार से राष्ट्र के उत्थान एवं उत्कर्ष का महनीय कार्य किया ।ष कार्यक्रम का संचालन डॉ. अंकिता मद्धेशिया एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ महंथ यादव द्वारा किया गया । इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार के डॉ. दीपक सोनी, श्री अमित गोयल, श्री पवन कुमार, डॉ. तरन्नुम बानो, डॉ. रजनी गुप्ता, नूपुर शुक्ला, श्वेता उपाध्याय, पायल भारती, नंदिनी सिंह, लक्ष्मी सिंह, अंकिता सिंह, नव्या यादव, श्वेता यादव, खुशबू चतुर्वेदी, संपूर्णानंद यादव,सूरज सिंह आज उपस्थित रहे । कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से हुआ।

# बोलोरो चालक के खिलाफ दर्ज हुआ गैरइरादतन हत्या का केस

प्रखर पुर्वाचल गोरखपुर। सहजनवा गोरखपुर– गीडा थाना क्षेत्र के बगीचालान के पास सफेद रंग के बोलोरो चालक ने बाइक पर नाती अपने दादी को बैठा कर घर ले जा रहा था। उसी दौरान बाइक में थोकड मार दिया था। जिसका इलाज के दौरान मौत हो गयी थी। सदानन्द पांडेय पुत्र स्व धनश्याम पांडेय बहुरीपार बुजुर्ग थाना बांसगांव नाती नितेश दुबे मां को बैठाकर घर ले जा रहा था। की बगीचालान के पास 19 सितंबर को रात्रि में 7.30 बजे अज्ञात सफेद रंग के बोलोरो ने बाइक में थोकड मार दिया था। जिससे महिला गम्भीर रूप से घायल हो गयी थी। और मेडिकल कालेज में इलाज के दौरान मौत हो गयी थी। पीड़ित किशिकायत पर पुलिस ने अज्ञात सफेद रंग के बोलोरो चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज कर लिया है।

# जिलाधिकारी से मिलकर भारतीय किसान यूनियन ने रखी समस्याएं




प्रखर मिर्जापुर। भारतीय किसान यूनियन मिर्जापुर का प्रतिनिधिमंडल जिला अध्यक्ष कंचन सिंह फौजी के नेतृत्व में नवागत जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन जी का अंग वस्त्रम व सिद्ध पीठ मां भंडारी देवी की प्रतिमा भेट कर स्वागत किया , साथ ही साथ रेलवे कारीडोर में किसानों की समस्याओं को जिलाधिकारी के प्रतिनिधि के रुप में अभूतपूर्व सहयोग करते हुए निष्पादित करवाया जिसके लिए संगठन के तरफ से स्वागत किया गया। किसानों ने जिलाधिकारी से मिलकर जनपद की समस्याओं को अवगत कराते हुए बताया कि जनपद में औसत से कम वर्षा हुई है जिससे धान की खेती अति प्रभावित हुई है ,अवर्षण की स्थिति होने से खरीफ फसल के लिए खेतों में पानी नहीं होने से फसले सूख रही है बांधों में भी पर्याप्त पानी नहीं है जल जीवन मिशन के तहत पानी भी बांधों में रखना जरूरी है ऐसा सिंचाई विभाग के अधिकारी बता रहे हैं और अहरौरा बांध में सिंचाई के उपयोग हेतु 4 दिन के लिए पानी बचा है और डोंगिया बांध में अभी 6 फीट और जरगो बांध में लगभग 3 फीट पानी और चाहिए जल जीवन मिशन के लिए ऐसे मेंअहरौरा, डोंगिया बांध से जल जीवन मिशन नियमानुसार सिंचाई के लिए पानी नहीं दिया जा सकेगा, इस स्थिति में किसानों द्वारा लागत लगाकर बोई हुई धान की फसल सूख जाने से जीवन यापन पर खराब असर होगा, मांगे निम्न वत हैं। 1. किसानों द्वारा तय किया गया कि 5ध् 10ध् 2023 से अहरौरा डोंगिया बांध से नहरो का संचालन शुरू कर दिया जाएगा वर्षा हो जाने पर बैठक कर संचालन का समय बढ़ा दिया जाएगा। 2. अहरौरा बांध में 21 फीट पानी है जिसमें 15.5 फीट पानी जल जीवन मिशन के लिए रोका जा रहा है सिंचाई के लिए केवल 5.5 फीट पानी ही मिल पाएगा जिससे क्षेत्र के किसानों की सिंचाई नहीं हो पाएगी डोंगिया बांध में 10 दिन के लिए मात्र पानी बचा है, अहरौरा , डोंगिया, व जरगो बांध की संपूर्ण पानी देने से ही क्षेत्र का सिंचाई संभव हो सकेगा। 3. जरगो बाध में लगा ममनिया लिफ्ट कैनाल को तुरंत चालू करके किसानों को पानी दिया जाए। 4. जरगो बांध और अहरौरा बांध में जल जीवन मिशन के तहत पानी सुरक्षित रखना है तो डगमगपुर चुनार के मध्य गंगा नदी में लिफ्ट कैनाल द्वारा पानी लेकर दोनों जलाशयों को भरना अति आवश्यक है, 6. घरवाह विद्युत उप केंद्र पर 10 डठ। का अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाने के संबंध में 4 सितंबर 2023 में किसान महा पंचायत हुई थी जिसमें उप जिलाधिकारी महोदय व अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड चुनार के साथ किसान महापंचायत में समझौता हुआ था की 20 सितंबर तक 10 डठ। का ट्रांसफार्मर लगा दिया जाएगा और 18 घंटे बिजली दिया जाएगा जो अभी तक लागू नहीं हुआ जिससे किसानों को पर्याप्त बिजली नहीं मिल पा रही है, किसानों को 18 घंटे बिजली दिया जाए व समझौता का पालन किया जाए। किसानों ने टोल प्लाजा के संदर्भ में बात रखते हुए कहा कि यूपी स्टेट हाईवे अथॉरिटी के नियमों के अनुसार 50 किलोमीटर दूर पर ही टोल नाका स्थापित किया जा सकता है जबकि वाराणसी शक्ति नगर मार्ग ै5। पर 113 किलोमीटर में पहले से ही 3 टोल प्लाजा लगा हुआ है जबकि नारायणपुर 0.0 किलोमीटर से लगभग 4 किलोमीटर पर फतेहपुर टोल प्लाजा लगा हुआ है उससे लगभग 16 किलोमीटर की दूरी पर ही अहरौरा में बनस्थली महाविद्यालय के पास चौथ अस्थाई टोल प्लाजा लगा देने से जनमानस को परेशानी हो रही है यह टोल प्लाजा डीपीआर में भी नहीं है जो नियम विरुद्ध इस अस्थाई टोल प्लाजा को हटाए जाय। लीकेज रोकने के नाम पर यह टोल प्लाजा लगाया गया था, प्रतापपुर परसोधा में टोल प्लाजा लग जाने से लीकेज भी समाप्त हो गया है। अस्थाई टोल प्लाजा का समय कब तक रहेगा। इस संबंध में 28 ध03ध 2022 को व 25 ध04 ध2022 को पंचायत व धरना प्रदर्शन किया गया था तथा तात्कालिक जिलाधिकारी महोदय द्वारा अपने आवास पर बुलाकर वार्ता किया गया जिसमें उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकार चुनार व टोल प्लाजा के अधिकारी गण उपस्थित थे जिसमें टोल प्लाजा को जिलाधिकारी महोदय ने अवैध कर दिया जब की निर्माण के समय 9.2. 2022 को भी विरोध प्रदर्शन करते हुए टोल प्रबंधक को ज्ञापन दिया गया था , महोदयाअभी तक उक्त टोल प्लाजा को हटाने के संबंध में कोई कार्रवाई नहीं हो सकी, 26 ध12ध 2022 को जिलाधिकारी महोदया के साथ बैठक भारतीय किसान यूनियन की हुई थी जिसमें आपके द्वारा टोल प्लाजा को अवैध करार देते हुए हटवाने की कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए आश्वासन दिया था । फतेहपुर टोल प्लाजा ै5 । टोल प्लाजा पर रिचार्ज की व्यवस्था 30 दिन का किया जाए अगर कोई व्यक्ति 25 या 28 तारीख को रिचार्ज कराता है तो उनको माह का शेष 5 व 2 दिन ही दिया जाता है जो सरासर गलत है जबकि 30 दिन प्रयोग करने के बाद ही रिचार्ज की वैधता समाप्त होनी चाहिए। दिनांक 1 सितंबर 2023 को तत्कालिन जिलाधिकारी महोदया एडीएम वित्त और टोल प्लाजा के अधिकारी व प्रबंधक के साथ बैठक हुई थी जिसमें मीडिया से ज्ञात हुआ कि यूपी 63 नंबर की गैर वाणिज्यिक गाड़ियों को अस्थाई टोल प्लाजा पर कोई शुल्क नहीं देना पड़ेगा लेकिन अभी तक यह भी लागू नहीं हुआ। इस बैठक में जिलाधिकारी मिर्जापुर प्रियंका निरंजन जी, एडीएम वित्त शिव प्रताप शुक्ला जी, एसडीएम चुनार नवनीत सेहरा जी , उपकृषि निदेशक विकेश पटेल जी, वन विभाग के अधिकारी और भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश के पदाधिकारी सिद्ध नाथ सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रहलाद सिंह प्रदेश महासचिव, जिलाध्यक्ष कंचन सिंह फौजी ,वीरेंद्र सिंह जिला महासचिव, स्वामी दयाल सिंह जिला कोषाध्यक्ष, परशुराम मौर्य मंडल उपाध्यक्ष, मुकुट धारी सिंह, सुखनंदन दुबे जिला उपाध्यक्ष, धर्मेंद्र सिंह जिला मीडिया प्रभारी, पप्पू सिंह व अन्य।

# विश्व भाषा बनने की सारी योग्यता रखती है हिन्दी, हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत विश्व बिषयक संगोष्ठी में बोले वक्ता



प्रखर जखनियां गाजीपुर। विश्व में हिंदी अपने उत्तरोत्तर विकास की दिशा में अग्रसर है। हिंदी में अंतर्राष्ट्रीय भाषा बनने के सारे गुण मौजूद हैं। आज विश्व के करीब 132 देशों में हिंदी बोली, लिखी और समझी जाती है तो वहीं करीब 150 विश्वविद्यालयों में हिंदी की पढ़ाई की जाती है। उक्त वक्तव्य मुख्य अतिथि डा ए के राय प्रवक्ता अखिल भारतीय हिन्दी महासभा काशी प्रान्त ने स्नातकोत्तर महाविद्यालय मलिकपुरा में महाविद्यालय एवं शिक्षा संस्कृति न्यास, काशी प्रान्त के संयुक्त तत्वाधान में हिन्दी पखवारा के अवसर पर भारतीय भाषा मंच, काशी प्रांत द्वारा शनिवार को आयोजित षविश्व में हिन्दी एवं हिन्दी का विश्वश विषयक संगोष्ठी में व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ में हिंदी सचिवालय की स्थापना की जा चुकी है और साप्ताहिक बुलेटिन भी हिंदी भाषा में प्रसारित की जाती है। भारत में हिन्दी की ऐतिहासिक यात्रा पर प्रकाश डाला। उन्होंने वर्तमान समय में विश्व स्तर पर हिन्दी की गरिमामयी स्थिति एवं उपलब्धियों को तथ्यों के साथ प्रस्तुत किया। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पार्चन कर किया गया। गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए डा. दिनेश कुमार सिंह ने हिन्दी भाषा के आरम्भ से लेकर वर्तमान हिन्दी तक की चर्चा करते हुए भारत के विश्वगुरु बनने के लक्ष्य को हासिल करने में हिन्दी भाषा की समन्वयकारी उपयोगिता पर जोर दिया। विशिष्ठ अतिथि खरडीहा महविद्यालय के हिन्दी विभाग के प्रवक्ता डॉ. कृष्ण प्रताप सिंह ने स्वातत्रोत्तर काल से लेकर अब तक के हिन्दी के विकास एवं उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए अन्तर्राष्ट्रीय भाषा के रूप में हिन्दी को स्थापित करने पर बल दिया। प्रवक्ता श्री अनुज कुमार सिंह ने हिन्दी के मानकीकरण पर प्रकाश डालते हुए आभारतीय हिन्दी साहित्यकारों एवं दक्षिण भारतीय भाषा के साहित्यकारों के समन्वित प्रयास से हिन्दी को राजभाषा से उपर उठाकर राष्ट्रभाषा एवं अन्तर्राष्ट्रीय भाषा के रूप में स्थापित करने की आवश्यकता बताई। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. दिवाकर सिंह के संरक्षकत्व में कार्यक्रम के संयोजक भारतीय भाषा मंच, काशी प्रान्त के सह संयोजक डॉ. सर्वेश पाण्डेय ने मंच का संचालन किया। इस अवसर पर प्रिंस काशौधन, अभिषेक सिंह, सुघर सिंह राजपूत, श्रीमती अंजली यादव, श्रीमती कुंजलता, दीपक कुमार यादव, वासुदेवन मणि त्रिपाठी, शमशुल कमर, शैलेंद्र प्रताप सिंह सहित सभी शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं विद्यार्थीगण उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ प्राध्यापक भूगोल विभाग के अभिषेक कुमार ने किया।

# विद्यार्थियों में हो पढ़ने और आविष्कार करने का नशा: कुलपति



**नशा मुक्ति की शुरुआत अभिभावकों से हो: प्रो.शिव कुमार**

प्रखर जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचलविश्वविद्यालय के रज्जु भईया सभागार में सोमवार को "समाज में मादकपदार्थों की बढ़ती लत – कारण, प्रभावएवं उपचार के विविध आयाम" विषयक एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजनकिया गया। समारोह में बतौर अध्यक्ष कुलपति प्रो वंदनासिंह ने कहा कि हमारे देश का भविष्य युवाओं पर निर्भर करता है। आज के समय मेंयुवाओं में नशे की लत काफी बढ़ती जा रही है। नशा न सिर्फ व्यक्ति को अपितु उसकीसामाजिक एवं आर्थिक स्थिति को भी प्रभावित करता है। उन्होंने कहा कि हम सभी मिलकरनशा मुक्त समाज के सपने को साकार करेंगे। नशा इंसान को अपना दास बना लेती है।विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ– साथ व्यायाम भी करना चाहिए। विद्यार्थियों मेंपढ़ने, आविष्कार करने और अच्छे काम करने कानशा होना चाहिए न कि किसी मादक पदार्थ का। मुख्य अतिथि उमानाथ सिंह स्वायत्तशासी मेडिकल कॉलेजके प्राचार्य प्रो. शिव कुमार ने कहा कि बच्चों को नशे से रोकने के लिए अभिभावक औरशिक्षकों को भी अपना योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति की शुरुआतअभिभावकों से होनी चाहिए। मानसिक तनाव वाले युवाओं की काउंसलिंग न करने पर वह नशाके आदि हो जाते हैं। कॉलेज और विश्वविद्यालय में परीक्षा और परिणाम आने के बाद विद्यार्थियोंमें नशे की प्रवृत्ति बढ़ती है ऐसे समय में शिक्षण संस्थाओं में मोटिवेशनल कार्यक्रमकराने चाहिए, ताकि विद्यार्थी सकारात्मक सोच रखे। विशिष्ट अतिथि मनोचिकित्सक डॉ विनोद वर्मा नेकहा कि नशे से पूरे शरीर के साथ–साथ मानसिक रूप से भी मानव को प्रभावित करता है।नशे से आर्थिक और सामाजिक रूप से इंसान का नुकसान होता है। नशे की शुरुआत करने केकारणों में आर्थिक कमी, तनाव, सामाजिक स्थिति आदि शामिल है।छात्र अधिष्ठाता प्रो. अजय द्विवेदी ने कहा किलोगों में जागरूकता के माध्यम से नशे की प्रवृत्ति को कम किया जा सकता है। नशामुक्तभारत ही श्रेष्ठ नागरिक का निर्माण कर सकता है। कुलसचिव महेंद्र कुमार ने कहा किपूरे सप्ताह जागरूकता से काफी स्तर तक नशामुक्ति का प्रयास सफल होगा। सरकार की भीयहीं मंशा है। नोडल अधिकारी डॉ मनोज कुमार पांडे ने कहा किविश्वविद्यालय परिसर, उमानाथ सिंह मेडिकल कॉलेज, जौनपुरजिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में यह नशा मुक्त सप्ताह चलाया जा रहा है। संचालनएवं धन्यवाद ज्ञापन उद्देश्य सिंह ने किया। इस मौके पर प्रो. मिथिलेश सिंह, डॉराहुल सिंह, डा. शैलेंद्र सिंह, डॉ. अमरेंद्र सिंह, डॉ सुनील कुमार, डॉ. पुनीत धवन, डॉ अमित वत्स, लक्ष्मी प्रसाद मौर्य सहित छात्रछात्राएं उपस्थित रहीं।

# धर्मा देवी महाविद्यालय का दसवां वार्षिकोत्सव बडे धूमधाम से मनाया गया



प्रखर जौनपुर। बक्सा बेलापार में धर्मा देवी महाविद्यालय दसवां वार्षिकोत्सव बडे धूमधाम से संम्पन्न हुआ। वार्षिकोत्सव के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक लालबहादुर यादव ने बच्चों को संम्बोधित करते हुए कहा कि धर्मा देवी महाविद्यालय की स्थापना इस ग्रामीण क्षेत्र जिस उद्देश्य से की गई है उसके पिछे सिर्फ शिक्षा देना ही नहीं बल्कि इस विद्यालय के बच्चों से उम्मीद है कि शिक्षा ग्रहण करना ही आपकी जिम्मेदारी नहीं है यहां का शिक्षा ग्रहण करके आपको डीएम,एसपी, डाक्टर, इन्जीनियर, वैज्ञानिक, जज, बनना है और अपने जिले का नाम रोशन करना है तभी इस धार्मा देवी महाविद्यालय स्थापना करने वाले का सपना साकार होगा आप जैसे बच्चों से ही इस देश का भविष्य निर्भर है शिक्षा वो ताकत है जो दुनिया के हर मुकाम हासिल कर सकते है लेकिन अगर आपके पास शिक्षा नहीं है तो सारी संम्पदा बेकार है।वहीं बच्चों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम किया गया । प्रबंधक विकास यादव ने सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेट कर संम्मानित किया।और कहा कि इस धर्मा देवी महाविद्यालय की स्थापना का उद्देश्य केवल इतना ही था की ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों के पढाई मे कठिनाई होती थी और इस क्षेत्र में शिक्षा की बहुत कमी थी मेरे नाना स्वं सहदेव राम यादव के प्रेरणा और आशीर्वाद से इस महाविद्यालय का स्थापना कर सका और आगे इस महाविद्यालय में और भी शिक्षा बढा़ने का प्रयास करता रहूंगा । कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व जिलापंचायत अध्यक्ष राजबहादुर यादव, राहुल त्रिपाठी सूर्य भान यादव मौजूद रहे। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से ठाकुर दिन यादव, डां सुधीर श्रीवास्तव, पूनम मिश्रा तोशिका श्रीवास्तव, विनीता श्रीवास्तव,नीलम श्रीवास्तव,प्रभात यादव, मनोज कुमार अरविंद कुमार यादव, सुनील मौर्या,मगला यादव अतुल यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

# डेंगू ,चिकनगुनिया से बचाव रोकथाम एवं उपचार हेतु प्रबुद्धजन काशी ने लगाया शिविर दवा का निःशुल्क वितरण एवं परामर्श

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। डेंगू चिकनगुनिया से बचाव रोकथाम एवं उपचार हेतु प्रबुद्धजन काशी द्वारा शिवपुर में श्री विनायक शिवम अपार्टमेंट में शिविर लगाकर सैकड़ो परिवार को निःशुल्क दवा वितरण एवं परामर्श दिया गया। इस अवसर पर उपस्थित डॉ. नेहा गुप्ता एम.डी. होम्योपैथ ने विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि बचाव उपचार से बेहतर होता है इसलिए जहां एक तरफ होम्योपैथी की दवा यूपेटोरियम पर्फोलिएटम 200 लेने से बचाव की पूरी संभावना रहती है वहीं दूसरी तरफ जो लोग संक्रमित रहते हैं उनका इसी दवा से बेहतर उपचार भी हो जाता है डॉ नेहा ने बताया कि प्लेटलेट्स बढ़ाने की सर्वोत्तम दवा है। अंतर्राष्ट्रीय बेटी दिवस के विशेष अवसर पर अपार्टमेंट के लोगों ने डॉक्टर नेहा को अंगवस्त्रम एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से डॉक्टर संजय सिंह गौतम, देव कुमार राजू , अनुरोध मिश्र, डॉ सुरेंद्र कुमार पटेल ,अरुण कुमार सिंह ,एडवोकेट सतीश तिवारी आदि लोगों ने पूरा सहयोग किया।

# चिकित्सक और मरीज के बीच फार्मासिस्ट महत्वपूर्ण कड़ी: डॉ संजय सिंह



**शारदा नारायण हास्पिटल में मनाया गया विश्व फार्मासिस्ट दिवस**

प्रखर,मऊ। फार्मासिस्ट की भूमिका चिकित्सकीय क्षेत्र में बहुत महत्वपूर्ण होती है। चिकित्सक और मरीज के बीच महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में फार्मासिस्ट प्रभावी भूमिका का निर्वहन करता है। फार्मासिस्ट दिवस मनाने का उद्देश्य उन्हें समाज में उचित सम्मान दिलाना है। इस वर्ष का थीम ष्फार्मासिस्ट स्ट्रेथिंग द हेल्थ सिस्टमष है। मरीज को दवाओं के बारे में बताना, दवाओं के प्रयोग के साथ संबंधित सावधानी से अवगत कराना फार्मासिस्ट का कार्य होता है। दिवस मनाने का ध्येय फार्मासिस्ट को उनकी जिम्मेदारी का आभास कराना होता है। बदलते समय में डिजिटल फार्मेसी का प्रचलन भी तेजी से बढ़ता जा रहा है। ऐसे में उनकी भूमिका और भी प्रभावी होगी। विश्व फार्मासिस्ट डे पर सोमवार को शारदा नारायन हास्पिटल में आयोजित कार्यक्रम में यह बातें डॉ संजय सिंह ने कही। कार्यक्रम मे केक काटने के बाद डॉ सिंह ने सभी फार्मासिस्टों को बधाई दिया। इस अवसर पर फार्मासिस्ट मनीष शर्मा, गौरव सिंह अंकित सिंह, बृजेश विश्वकर्मा, सुमित, मनीष विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे।

# माही गुरुजी फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड भदोही की वार्षिक आम सभा बैठक का आयोजन किया गया





प्रखर भदोही। नेशनल एग्रो फाउंडेशन और नाबार्ड द्वारा संचालित माही गुरुजी फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड जिला भदोही सियरहा सुरियावा भदोही में वार्षिक आम बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में एफपीओ के कार्यों पर विस्तृत चर्चा की गई। नाबार्ड के अधिकारी लल्लन कुमार ने कार्यकम में एफपीओ के किसानों और एफपीओ के अंशधारकों से बातचीत करके उनसे एफपीओ में हुए वार्षिक कार्यों पर विस्तृत चर्चा की। साथ ही उन्होंने एफपीओ की नई योजनाओं को लेकर किसानों से विस्तृत बात भी की। बतादे कि नाबार्ड के अधिकारी लल्लन कुमार माही गुरुजी फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड जिला भदोही सियरहा सुरियावा भदोही पहुंचने पर एफपीओ के किसानो ने उनका जोरदार स्वागत किया। उपस्थित जनों में नाबार्ड के अधिकारी लल्लन कुमार, विरेद्र मौर्या सहित एफपीओ के दर्जनों महिला– पुरुष किसान उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मनाया गया आचार्य श्री श्री चंद्रदेव महाराज का 529वां जन्मोत्सव





प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। रवीन्द्रपुरी कालोनी स्थित श्री पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन निर्वाण में आचार्य श्री श्री चंद्रदेव महाराज का 529वां जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जिसमें सर्वप्रथम 22 सितंबर को संगीतमय अखंड रामायण का पाठ प्रारंभ हुआ एवं 23 सितंबर को अखंड रामायण पाठ का परायण हवन एवं पूजन किया गया इसके पश्चात 24 सितंबर को प्रातः काल से अखाड़ा परिसर में स्थित भगवान आचार्य श्री श्री चंददेव महाराज का विधि विधान के साथ पूजन अर्चन किया गया। तत्पश्चात अखाड़े के महंत दुर्गादास जी महाराज भ्रमनशील जमात की अध्यक्षता में महंत लक्ष्मण दास जी महाराज, बालेश्वर मुनि जी महाराज ,जोगिंदर मुनि जी महाराज सत्यानंद जी महाराज के संयुक्त तत्वाधान में पूजन अर्चन के बाद वाराणसी के विभिन्न मठ मंदिरों से आए हुए साधु संतों का सम्मान किया गया एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें वाराणसी ही नहीं आसपास के जिलों से भी आए सैकड़ो भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर बाबा का लिया आशीर्वाद। भंडारा प्रातः 12.00 से लेकर देर रात्रि 9.30 बजे तक चलता रहा जिसमें दूर–दूर से आए श्रद्धालुओं ने भगवान आचार्य श्री श्री चंद्रदेव महाराज का दर्शन पूजन कर प्रसाद ग्रहण किया तत्पश्चात सायं काल 6रू00 बजे से भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें शहर के प्रतिष्ठित कलाकारों द्वारा भजन अर्पित किया गया। मीडिया से बातचीत करते हुए अखाड़े के महंत लक्ष्मण दास ने बताया कि भगवान आचार्य श्री श्री चंद्रदेव महाराज स्वयं भगवान शंकर के स्वरूप हैं जिन्होंने सनातन धर्म का पोषण करते हुए समाज में व्याप्त कुप्रथा को समाप्त किया तथा सनातन धर्म के लिए कार्य करते रहे तथा इन्हीं के नेतृत्व में सनातन धर्मावलंबियों एवं साधु संतों द्वारा भारत के चारों कुंभ मेला में शाही पताका एवं शाही स्नान की परंपरा चलती आ रही है।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई



प्रखर पुर्वांचल गोरखपुर। एकात्म मानव दर्शन के प्रणेता, भारतीय जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती नगर पंचायत घघसरा के सभी वार्डो सहित पूरे पाली ब्लाक के सभी शक्ति केंद्र पर मनाई गई। घघसरा नगर पंचायत के अध्यक्ष प्रभाकर दुबे ने नगर पंचायत के भाजपा कार्यालय पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। और श्रद्धांजलि सभा को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प दीनदयाल उपाध्याय एक राष्ट्र एक विधान के प्रणेता थे ।एक सशक्त राष्ट्र के रूप में भारत को बेहतर बनाने के लिए उनके योगदान व उनके विचार अविस्मरणीय है ।जिसको हम सभी उसका अनुकरण करते हुए उनके आदर्शो पर चले। यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। इसके अलावा शक्ति केंद्र चड़राव में जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया ।वही लखनापार बूथ नंबर 14 नारंगपट्टी में विजय कुमार मिश्र दिनेश मिश्र ,रमेश चंद्र मद्धेशिया , सत्य प्रकाश पाण्डेय, राम जनक मौर्य ,राकेश कुमार सहित कई आदि लोगो ने श्रृद्धा सुमन अर्पित किया।

# डॉ रत्नप्पा भरमप्पा कुम्हार जयंती मनाई गई



प्रखर डेस्क। लोकसभा चंदौली के अंतर्गत अजगरा विधानसभा के खारी गांव में देशभक्त डॉ रत्नप्पा भरमप्पा कुम्हार जयंती को बड़े हर्ष उल्हास से मनाया। गया जिसके मुख्य तिथि श्री हंसराज विश्वकर्मा जिलाध्यक्ष एवं उसब भारतीय जनता पार्टी एवं विशिष्ट अतिथि श्री डॉ धर्मेंद्र कश्यप जी काशी मेक्स ट्रेडिंग के सी एम डी श्री आर बी प्रजापति श्री बृजेश कुमार प्रजापति सदर लोकसभा जौनपुर पूर्व प्रत्याशी श्री सौरभ प्रजापति श्री हंसराज विश्वकर्मा जी ने कहा पश्चिम आंचल में धर्मवीर प्रजापति को होम गार्ड मिनिस्टर बनाया है ओमप्रकाश गोला जी को माटी कला बोर्ड का अध्यक्ष बनाया गया है लेकिन कुम्हार आंदोलन मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा जो पार्टी लोकसभा एवं विधान सभा में हिस्सेदारी पूर्वांचल के 26 लोकसभा सीट एवं उत्तर प्रदेश के पूरे लोकसभा सीट से आज तक कोई भी प्रजापति के बेटे को कोई पार्टी टिकट देने का काम नहीं किया लिहाजा कुंभार समाज ने संकल्प लिया कि वर्तमान सरकार भारतीय जनता पार्टी एवं विपक्ष की पार्टियों ने अगर कुंभार के बेटे को लोकसभा चंदौली से सांसद प्रत्याशी बनाते हैं तो कुम्हार प्रजापति समाज उस पार्टी को वोट देने का काम करेगा। अन्यथा कुंभार समाज अपने समाज के पूर्वांचल के शेर जनता को जागरुक करने वाले जनता सुख एवं दुख में सहयोगकरने वाले श्री राम गोविंद प्रजापति को लोकसभा चंदौली से निर्दल प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ कर अपने समाज के साथ सर्व समाज के वोटों के साथ विजय होने का कार्य करेंगे साथ में उपस्थित रहे कुम्हार आंदोलन मंच के प्रमुख महासचिव श्री पप्पू प्रजापति जिलाध्यक्ष श्री अवध कुमार प्रजापति श्री विकास कुमार प्रजापति श्री विजय कुमार प्रजापति श्री सुनील प्रजापति श्री राजेंद्र प्रजापति श्री राजू प्रजापति मूलचंद प्रजापति श्री गोविंद प्रजापति पूर्व प्रधान आदि लोग शामिल हुए!

# गोपेश्वर महादेव मन्दिर में तीज महोत्सव आयोजित

प्रखर शाहगंज जौनपुर। नगर के पुराना चौक स्थित गोपेश्वर महादेव मन्दिर परिसर में तीज महोत्सव का आयोजन किया गया। सुहागिन महिलाएं सोलह श्रृंगार कर कार्यक्रम में पहुंची थी। इस दौरान रैम्प वाक, डांस प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। आयोजक खुशबू जायसवाल ने कहा कि तीज महोत्सव महिलाओं के सशक्तिकरण का एक माध्यम है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व पालिकाध्यक्ष गीता जायसवाल, गोपेश्वर महादेव मंदिर की संयोजिका सुनीता अग्रवाल, राखी सिंह रहीं। जज की भूमिका में अतुल वेलफेयर गुलाबी समिति अध्यक्ष बिट्टू किन्नर एवं सचिव डाली किन्नर रहीं। प्रतियोगिता में सोलह श्रृंगार में शालिनी जायसवाल चूड़ी प्रतियोगिता में नेहा अग्रहरि रैम्प वाक में विभावरी डांस में ज्योति गुप्ता, अंजू गुप्ता इस दौरान गीता जायसवाल, जागृति चित्रवंशी, सुमन साहू, सुनीता, रेखा, एकता, प्रीति, संगीता, पिंकी सेठ, बुलबुल अग्रहरि, सीमा जायसवाल आदि मौजूद रहे।

# समाजसेवी के निधन पर शोक,बंधाया ढांढस

प्रखर जलालपुर जौनपुर। क्षेत्र के रामपुर सोइरी(धनेहुँवा) ग्राम निवासी समाजसेवी गयाप्रसाद पटेल(77) की आयु में रविवार को बीएचयु में इलाज के दौरान निधन हो गया।वो कफी समय से बीमार चल रहे थे।निधन का खबर सुनते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी।वे नायब तहसीलदार महोबा धनराज कुमार पटेल, डा. नक्षत्रधारी पटेल व जगधारी पटेल के पिता थे।उनके निवास स्थान पर सोमवार को शोक संवेदना देने पहुंचे फिल्म अभिनेताध्समाजसेवी चन्दन सेठ,संतोष सिंह आई.इ.एस.,कृष्णराज सिंह तहसीलदार मडियाहुं,दिगविजय सिंह मंडल अध्यक्ष,देवव्रत सिंह उप खण्ड अभियंता,अजीत जायसवाल नायब तहसीलदार,विक्रम नायब तहसीलदार,विरेन्द्र सिंह नायब तहसीलदार केराकत,डा. सच्चिदानंद एचओडी उमानाथ सिंह मेडिकल कालेज,अजय पटेल ग्राम प्रधान,विनय वर्मा समेत सैकड़ो लोगों का ताता लगा रहा।

# पांच सूत्री मांगों को लेकर संगठन द्वारा ज्ञापन सौंपा गया

प्रखर वाराणसी। आल इंडिया फेयर प्राइज शाप डीलर्स फेडरेशन उत्तर प्रदेश ईकाई के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष गिरीश तिवारी के नेतृत्व में जनपद के कोटेदारो संग उपयुक्त राजन गोयल तथा जिला पूर्ति अधिकारी उमेश चन्द्र मिश्रा को ज्ञापन सौंपा गया। अपनी पांच सूत्री मांगों में प्रदेश के कोटेदारों का कमीशन बढाया जाय। पिछले सभी परिवहन भुगतान कराये जाय। ज्ञापन सौंपने मे प्रदेश सचिव अजय जायसवाल संरक्षक पारस नाथ मिश्र जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मी पाण्डेय जिला सचिव पंकज मिश्रा विनोद पांडेय महानगर अध्यक्ष मदन लाल यादव ब्लाक अध्यक्ष सेवापुरी प्रभु नारायण पाण्डेय ब्लाक अध्यक्ष आराजी लाइन अरून कुमार जायसवाल ब्लाक अध्यक्ष बड़ागांव दिवाकर दूबे जिला सचिव राम नारायण यादव राजेंद्र यादव जगरनाथ यादव अखिलेश दूबे प्रखंड अध्यक्ष काशीनाथ कोषाध्यक्ष दिनेश गुप्ता तथा तमाम कोटेदार उपस्थित थे।

प्रखर पूर्वांचल

RNIUPHIN/2016/68754

मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित

सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001

सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802

सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।

ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वाचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं